दिनांक-26फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

इंटरकनेक्शन का कार्य अंतिम चरण पर , कल से शहर को मिल सकता है पानी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तीन स्थलों पर इंटरकनेक्शन का कार्य सोमवार से प्रारंभ किया गया है जिसका कार्य अंतिम चरण पर है! निगम के अधिकारियों द्वारा इस दौरान कार्यों का लगातार निरीक्षण किया जाता रहा है तथा जल प्रदाय के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने जोन के अभियंताओं की बैठक लेकर निर्देश भी दिए गए थे! जल कार्य के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इंटरकनेक्शन के कार्य के लिए रूआबांधा, स्लॉटर हाउस एवं 77 एमएलडी के समीप प्रथम दिन गड्ढा खोदकर कार्य प्रारंभ किया गया , बारिश होने की वजह से कुछ स्थानों पर जलभराव हो गया था जिसकी निकासी किए जाने के पश्चात पाइप की कटिंग कर टी आकृति तथा वाल्व लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया तत्पश्चात वेल्डिंग इत्यादि कर कंक्रीटी करण किया जा रहा है जिसमें से 77 एमएलडी कंक्रीटी करण का कार्य पूर्ण हो चुका है, रूआबांधा तथा स्लॉटर हाउस पानी टंकी के समीप का कंक्रीटी करण कार्य अंतिम चरण पर है इसको सूखने में समय देना होता है इसके पश्चात ही 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से जल प्रदाय टंकियों के लिए प्रारंभ किया जाएगा एवं इंटरकनेक्शन किए गए स्थानों में लीकेज आदि का भी निरीक्षण किया जाएगा यदि सब कुछ व्यवस्थित रहा तो कल गुरुवार को शहर को पानी मिलने की पूर्ण संभावना है!

जनसंपर्क अधिकारी